कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 31-10-2024

विषयः- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा दीपोत्सव के पावन अवसर पर अनाथाश्रम में बच्चों संग मनाई दीपावली, बांटी खुशियाँ।**

आज दिनांक 31.10.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा लहुराबीर स्थित काशी अनाथालय में पहुँचकर बच्चों एवं बालिकाओं संग दीपावली की खुशियाँ साझा करते हुए उत्साहपूर्वक दीपावली का त्यौहार मनाया। इस दौरान अनाथ बच्चों के रहन-सहन के विषय में पूछताछ कर जानकारी प्राप्त की गई तथा बच्चों को मिष्ठान, फल, चाकलेट, चिप्स, मोमबत्ती, दीप, स्कूल बैग, कपड़े आदि अन्य उपहार वितरित कर बच्चों संग फुलझड़ी व पटाखे आदि जलाकर सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर आगामी ठंड के मौसम के दृष्टिगत बच्चों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किये गये।

इसके साथ ही पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देश में दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर कमिश्नरेट वाराणसी के सभी अधिकारी, थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी द्वारा गरीब व असहाय परिवारों, अनाथ बच्चों, वृद्धाश्रम के वृद्धजनों आदि, जो संसाधन के अभाव में त्यौहार नही मना पातें हैं, को मिठाई, फल, मोमबत्ती, दीप, चाकलेट, फुलझड़ी, पटाखें आदि उपहार भेंट कर उनके साथ दीपावली की खुशियाँ साझा की गई।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।